आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

यश भारत

● वर्ष- 15 अंक 344 ● कटनी ● शुक्रवार, 21 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-4 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

23 अक्टूबर को मेलबर्न स्टेडियम में खेलेंगे मैच

भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से ही

नई दिल्ली। टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में भी भारत अपने अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ ही करेगा। पिछले साल यूएई और ओमान में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप में भी भारत ने पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ ही खेला था, जिसमें पहली बार पाकिस्तान ने किसी वर्ल्ड कप मुकाबले में भारत को शिकस्त दी थी। इस बार टी-20 वर्ल्ड कप का आयोजन ऑस्ट्रेलिया में होना है।

16 अक्टूबर से होगा वर्ल्ड कप का आगाज

ICC ने शुक्रवार को टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इस कार्यक्रम के मुताबिक, भारत अपना पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेलेगा। टी-20 वर्ल्ड कप का आगाज 16 अक्टूबर से होगा, जबकि फाइनल 13 नवंबर को मेलबर्न में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 45 मुकाबले 7 अलग-अलग शहरों एडिलेड, ब्रिसबेन, जीलोंग, होबार्ट, मेलबर्न, पर्थ और सिडनी में होंगे। 2014 का चैम्पियन श्रीलंका 16 अक्टूबर को टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच नामीबिया के खिलाफ खेलेगा।

फ्लड लाइट्स में खेला जाएगा फाइनल मुकाबला

वहीं वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल सिडनी में 9 नवंबर और दूसरा 10 नवंबर को एडिलेड ओवल में खेला जाएगा। यह पहला मौका होगा, जब एडिलेड ओवल में वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मुकाबला होगा। जबकि फाइनल 13 नवंबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होगा। यह मुकाबला फ्लड लाइटस में खेला जाएगा। पिछला वर्ल्ड कप ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। पिछला टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भारत की मेजबानी यूएई ओर ओमान में हुआ था। इस वर्ल्ड कप को ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। उसने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था। (देखें पेज 7 भी)

भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में

भारत को सुपर 12 में पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और दो क्वालीफायर के साथ ग्रुप-2 में रखा गया है। भारत पूरे टूर्नामेंट में कुल 5 मैच खेलेगा।

अब इंडिया गेट पर नहीं जलेगी अमर जवान ज्योति

नई दिल्ली । इंडिया गेट पर बने अमर जवान ज्योति की मशाल की लौ 21 जनवरी से बंद हो जाएगी। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में इस मशाल को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की लौ में मिला दिया जाएगा। भारतीय सेना के अधिकारी ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता एयर मार्शल बलभद्र राधा कृष्ण करेंगे। उनके द्वारा ही लौ को मिलाया जाएगा। बता दें कि इंडिया गेट स्मारक ब्रिटिश सरकार ने 1914-21 के बीच जान गंवाने वाले ब्रिटिश भारतीय सैनिकों की याद में बनाया था। बाद में अमर जवान ज्योति को 1970 में पाकिस्तान पर भारत की बड़ी जीत के बाद युद्ध स्मारक में शामिल किया गया था। वहीं इंडिया गेट परिसर में बने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का 2019 में उद्घाटन किया गया था। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में उन सभी भारतीय रक्षा कर्मियों के नाम हैं, जिन्होंने 1947-48 से विभिन्न अभियानों में अपनी जान गंवाई है। पाकिस्तान के साथ गलवान घाटी में युद्ध चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष। आतंकवाद विरोधी अभियानों में जान गंवाने वाले सैनिकों के नाम भी स्मारक की दीवारों पर शामिल हैं।

राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की लौ में विलय

3.47 लाख नए केस

तीसरी लहर में सबसे ज्यादा 703 मौतें

इस दौरान पहली बार कुल एक्टिव केस 20 लाख के पार

नई दिल्ली। देश में 3 लाख 47 हजार 254 नए कोरोना संक्रमित मिले। इस दौरान 2.51 लाख लोग ठीक हुए, जबकि 701 लोगों की मौत हुई है। वहीं पिछले दिन के मुकाबले नए संक्रमितों में 29,722 की बढ़ोतरी देखने को मिली है। इससे एक दिन पहले बुधवार को 3.17 लाख लोग संक्रमित मिले थे और 491 लोगों की मौत हुई थी। देश में पिछले 4 दिनों से रोजाना होने वाली मौतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 17 जनवरी को देश में 310 मौतें हुई थी। वहीं, 4 दिन बाद गुरुवार को यह संख्या 2 गुने से भी अधिक(701) हो गई। ये मौतें तीसरी लहर में सबसे ज्यादा है। मौतों का आंकड़ा 8 महीने बाद 700 के करीब पहुंचा है। दूसरी लहर में केस घटने के दौरान 11 मई को 724 मौतें दर्ज की गई थी।

टीके ने खतरा और गंभीरता दोनों को किया कम-आईसीएमआर

जोखिम पहले से बीमार लोगों तक सिमटा

नई दिल्ली । टीकाकरण से कोरोना का जोखिम पहले से बीमार लोगों तक सिमट गया है। टीकाकरण ने कोरोना का खतरा और गंभीरता दोनों को कम किया है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने पाया कि पहले से स्वस्थ्य व्यक्ति संक्रमण की चपेट में आने के बाद कुछ दिन में ठीक भी हो रहे हैं। हालांकि पहले से बीमार अधिक उम्र के रोगियों में जोखिम बना हुआ, इन्हें बहुत अधिक सतर्कता के साथ रहना है।भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. बलराम भार्गव ने बृहस्पतिवार को बताया कि पिछले साल देश में घर बैठे कोविड जांच करने वाली किट्स को अनुमति दी गई थी। इस लहर के आने से पहले तक देश में करीब तीन हजार लोगों ने इन किट्स के जरिए अपने घरों में ही कोविड की जांच की गई लेकिन बीते दिसंबर माह में संक्रमण के मामले बढ़ने से लेकर अब तक दो लाख से भी अधिक लोगों ने बीते 28 दिन में घर में रहकर कोरोना की जांच की है।

सीएम आवास पर धरना देने निकले

दिग्गी को पुलिस ने रोका

शिवराज ने 23 को मिलने बुलाया, पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा लिखित में दें

भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को एक दिन पहले मुलाकात का समय देने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को मिलने से इन्कार कर दिया। इससे नाराज दिग्विजय सिंह ने आज मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर धरना देने का ऐलान किया है। आज सुबह 11 बजे दिग्विजय सिंह श्यामला हिल्स पर स्थित शासकीय आवास से पैदल मार्च करते हुए मुख्यमंत्री आवास के लिए निकले। इस दौरान पूर्व मंत्री और विधायक पीसी शर्मा समेत बड़ी संख्या में समर्थक उनके साथ है। पुलिस ने दूरदर्शन केंद्र के बाहर मार्ग पर बैरिकेडिंग करके उन्?हें आगे बढ़ने से रोक दिया। यहां पुलिस अधिकारियों द्वारा बार-बार माइक से अनाउंस किया जा रहा है कि आपकी बात जहां तक पहुंचानी थी वह पहुंचा दी गई है। आपको जो भी बात कहना है वह आप हम से कह सकते हैं। इस पर दिग्विजय सिंह वहीं धरने पर बैठ गए। उनके साथ बैठे समर्थको ने रामधुन का पाठ शुरू कर दिया। इस दौरान दिग्विजय सिंह ने मीडिया से चर्चा में कहा कि टेम और सुठालिया बांध से जिन किसानों की जमीन डूब में आ रही है, उन्हें बेहद कम मुआवजा दिया जा रहा है। उनकी मांग को लेकर हम मुख्यमंत्री से मिलना चाहते हैं। इसके लिए पिछले डेढ़ माह से समय मांग रहे हैं लेकिन समय नहीं दिया जा रहा है। आखिर समय क्यों नहीं दिया जा रहा है। मुलाकात करने में समस्या क्या है। हम सिर्फ विस्थापित किसानों को उनका हक दिलाना चाहते हैं। सरकार पांच लाख प्रति हेक्टयर मुआवजा दे रही है। जबकि, वहां बाजार मूल्य 20 से 25 लाख रुपये हेक्टयर है। हमें अभी सूचना दी गई है कि मुख्यमंत्री 23 जनवरी को 12:00 बजे मुलाकात करेंगे लेकिन मौखिक आश्वासन नहीं, लिखित में चाहिए। जब मैं मुख्यमंत्री था तब इंदिरा सागर बांध के डूब में आ रहे हरसूद का विस्थापन किया था 66 हजार प्रभावितों को पर्याप्त मुआवजा दिलाया था कहीं कोई ग्रुप तक नहीं हुआ था। जहां तक बात मुलाकात की है तो जब मैं मुख्यमंत्री था तब पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा हूं या फिर कैलाश जोशी, समय मांगने पर मैं तो उनके घर ही चला जाता था। जब तक हमें लिखित में मुलाकात करने की सूचना नहीं मिल जाती है, तब तक धरने पर बैठेंगे।

धरना देते पूर्व मुख्यमंत्री द्वय कमलनाथ व दिग्विजय सिंह।

गृहमंत्री ने साधा निशाना

मध्य प्रदेश के गृहमंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात को लेकर जारी वीडियो पर निशाना साधा है। उन्होंने स्वयं मीडिया से बातचीत में मोबाइल पर दिग्विजय का वीडियो दिखाते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह ने जिस तालिबानी तरीके से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी मिलने का समय मांगा है, वह ठीक नहीं है।

दिग्विजयी इंतज़ार जारी है और यहां मित्रता का कमल खिला हुआ है

सीएम शिवराज की कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से स्टेट हेंगर पर मुलाकात

जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान और पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ दोनों ने एक दूसरे से स्टेट हेंगर में मुलाकात की। इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। इधर सोशल मीडिया पर दोनों की मुलाकात को लेकर वार जारी हो गया। है। ट्विटर पर यूजर लिख रहे हैं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मुलाकात करना चाहते हैं पर सीएम समय नहीं दे रहे हैं जबकि कमलनाथ के एक बार के कहने पर समय दे दिया गया। एक यूजर ने लिखा है कि क्या बात है मामा को स्टेट हैंगर क्षेत्र में मुलाकात करना ज्यादा पसंद आता है।

दमोह में कार पलटने से एक की मौत, 3 गंभीर

दमोह, । गुरुवार की देर रात जबलपुर से दमोह आ रही एक कार के अनियंत्रित होकर सत घटिया की घाटी के पास पलट जाने से उसमें सवार 4 लोगों में से एक की मौत हो गई। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज हेतु जबलपुर रेफर किया गया है। यह हादसा जिले की जबेरा थाना अंतर्गत दमोह जबलपुर मार्ग पर सिग्रामपुर के समीप हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह जबलपुर मार्ग पर जबेरा थाना अंतर्गत सिग्रामपुर के समीप सत घटिया की घाटी के पास गुरुवार की रात्रि जबलपुर से दमोह आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सी ए 7824 अनियंत्रित होकर पलट गई। जैसे ही वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने जंगल में सड़क के किनारे पड़ी हुई पलटी कार को देखा तो तुरंत ही पुलिस एवं 108 को सूचना देकर बचाव कार्य में जुट गए। सिग्रामपुर चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और गंभीर रूप से घायल चारों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा ले जाया गया। लेकिन उसमें सवार 4 लोगों में से इशरत पुत्र एमएच सिद्दीकी की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल एमएच सिद्दीकी, फरहम सिद्दीकी एवं एम सिद्दीकी की हालत गंभीर होने

मप्र वालो संभल जाइए....

एक सप्ताह दूर कोरोना का पीक

40 प्रतिशत तक जा सकती है संक्रमण दर

इंदौर, । कोरोना के लगातार ब?ते संक्रमण से परेशान इंदौरियों की दिक्कतें फिलहाल कम होती नजर नहीं आ रहीं। शहर में कोरोना का प्रचंड वेग अभी आना बाकी है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इंदौर सहित प्रदेश के चारों बड़े शहरों में इस माह के अंत तक कोरोना का पीक आ सकता है। ऐसी स्थिति में शहर में रोजाना पांच से सात हजार संक्रमित मिलेंगे। पिछले तीन दिनों से लगातार 20 प्रतिशत के आसपास चल रही संक्रमण दर भी पीक के दौरान 40 प्रतिशत तक उछल सकती है। इंदौर के अलावा भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में भी पीक के दिनों में वर्तमान से तीन गुना संक्रमित रोजाना मिल सकते हैं। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि कोरोना का पीक गुजरने के बाद कोरोना के मरीजों की संख्या में तेजी से गिरावट आएगी और फरवरी के अंत तक शहर एक बार फिर सामान्य हालात बनने लगेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी बीमारी का प्रकोप अपने सर्वोच्चतम स्तर को छूने के बाद फिर नीचे लौटने लगता है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह से शहर में कोरोना संक्रमितों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दिसंबर के शुरूआती तीन सप्ताह में इक्का-दुक्का मरीज मिल रहे थे लेकिन एक जनवरी को यह संख्या 80 पर पहुंच गई। शहर में न सिर्फ संक्रमितों की संख्या बढ़ी बल्कि संक्रमण दर में भी तेजी से इजाफा हुआ। 19 दिसंबर 2021 संक्रमण दर सिर्फ 0.12 प्रतिशत थी। इस दिन जांचे गए 5386 सैंपलों में से सिर्फ सात संक्रमित मिले थे।

बड़े शहरों में नजर आ चुका है ऐसा ही ट्रेंड

विशेषज्ञों के अनुमान की वजह यह भी है कि मुंबई, दिल्ली जैसे बड़े शहरों में कोरोना का ऐसा ही ट्रेंड नजर आ चुका है। महानगरों में पीक पर पहुंचने के बाद मरीजों की संख्या में कमी आना शुरू हो गई।

लगातार स्थिर रहने के बाद गिरती है मरीजों की संख्या

विशेषज्ञों के मुताबिक अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने के बाद 24 घंटे के दौरान मिलने वाले संक्रमितों की संख्या लगातार कुछ दिन स्थित रहने के बाद गिरने लगती है तो कहा जा सकता है कि पीक गुजर गया है।

लोकप्रियता में पीएम मोदी की बादशाहत बरकरार

दुनिया के सारे नेता पीछे छूटे



नई दिल्ली। दुनिया में लोकप्रियता के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बादशाहत कायम है। अमेरिका से जारी हुई ताजा लिस्ट में पीएम मोदी ने दुनिया के सभी नेताओं को पीछे छोड़ दिया है। मॉर्निंग कंसल्ट पॉलिटिकल इंटेलिजेंस ने यह लिस्ट जारी की है। इस ग्लोबल रेटिंग सर्वे के मुताबिक, दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीर्ष पर हैं। सर्वेक्षण में पीएम मोदी को 71 प्रतिशत की अप्रूवल रेटिंग के साथ पहले स्थान पर कब्जा करते हुए दिखाया गया है। मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर 66 प्रतिशत अप्रुवल रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि इटली के प्रधान मंत्री मारियो ड्रैगी 60 प्रतिशत अप्रूवल के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विश्व के 13 नेताओं की सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 43 फीसदी रेटिंग के साथ छठे नंबर पर हैं। बिडेन के बाद कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो भी 43 फीसदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन 41 फीसदी पर हैं। मई 2020 में इसी वेबसाइट ने 84 फीसदी की अप्रुवल रेटिंग के साथ प्रधानमंत्री मोदी को सबसे ज्यादा रेटिंग दी थी। हालांकि मई 2021 में यह आंकड़ा घटकर 63 फीसदी पर आ गया था। हालांकि तब भी पीएम मोदी लिस्ट में टॉप पर थे।

कटनी में आफ लाइन परीक्षा की ही तैयारी कर रहे कालेज

कटनी। अग्रणी महाविद्यालय तिलक कालेज और उससे संबध में अभी आफलाइन परीक्षा की ही की जा रही तैयारी की जा रही है। तिलक कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार अभी नहीं मिले ऑन लाइन परीक्षा के निर्देश नहीं मिले हैं। तिलक कॉलेज सहित जिले में फर्स्ट इयर, सेकंडियर, फाइनल इयर की परीक्षाएं मार्च में होंगी। इसलिए अभी इनके लिए समय है

यह परीक्षाएं भी ऑफ लाइन ही होंगी

जिले 15 हजार 5 सौ छात्र हैं। 10 सरकारी और 3 प्राइवेट और 2 अनुदान प्राप्त कॉलेज हैं। अभी संक्रमण के बावजूद इनकी परीक्षाएं ऑनलाइन होने की ही जानकारी सामने आ रही है। वहीं तिलक कालेज में बकायदा इसके लिए तैयारी की गई है। तिलक कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार तिलक कॉलेज में ढाई सौ तीन सौ छात्रों को कोरोना से बचाव के नियमों का पालन करते हुए परीक्षा दिलवाए जाने की तैयारी है।

छात्र संगठन भी कर चुके हैं ऑनलाइन परीक्षा करवाए जाने की मांग

एनएसयूआई सहित अन्य संगठनों के मांग के बावजूद जिले के कॉलेजों में ऑफ लाइन ही परीक्षा करवाई जाएगी। इससे पहले एनएसयूआई ने कॉलेज की परीक्षा ऑनलाइन कराने की मांग को लेकर तिलक कॉलेज के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की थी कि परीक्षाएं ऑनलाइन करवाई जाएं। एनएसयूआई के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कॉलेज छात्रों के साथ तिलक कॉलेज के प्राचार्य को कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा था। छात्रों की स्वास्थ्य सुरक्षा के मद्देनजर एनएसयूआई उनके साथ खड़ी है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है, ऐसे में छात्र-छात्राओं की परीक्षा सामूहिक रुप से कराना हानिकारक हो सकता है। परीक्षा देने आने वाले छात्र भी कोरोना संक्रमित हो सकते हैं। लिहाजा आगामी परीक्षाओं को ऑनलाइन कराया जाए, ताकि सरकारी कॉलेज में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राएं कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रहे सकें।ज्ञापन में सात दिन के अंदर कार्रवाई करने की मांग की गई थी। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि सात दिन के अंदर कार्रवाई नहीं की जाती तो एनएसयूआई चरणबद्ध तरीके से छात्रहित में आंदोलन करेगी। इसकी पूरी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। इन मांगों के बाद भी अभी तो जिले के कॉलेज प्रबंधन ऑफलाइन की ही तैयारी कर रहे हैं।

कोरोना प्रोटोकाल का पालन किया जाएगा।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने 27 जनवरी से स्नातकोत्तर प्रथम और तृतीय वर्ष की परीक्षा प्रारंभ हो रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस संबंध में बैठक की। जिसमें परीक्षा से जुड़ी तैयारियों पर चर्चा की गई। कोरोना संक्रमण के बीच परीक्षा पूरी तरह से आफलाइन होगी। इसके लिए कोरोना प्रोटोकाल का पालन किया जाएगा। सिर्फ यही नहीं इन परीक्षाओं में कोरोना संक्रमित परीक्षार्थियों को दोबारा अवसर दिया जाएगा।

राजनीति में फंसा चांडक चौक घंटाघर मार्ग निर्माण

कटनी। जिस शहर में स्थानीय जनप्रतिनिधि विकास कार्यो को राजनीतिक चश्मे से देखने लगें उस शहर का भगवान ही मालिक होगा। यह कटनी का दुर्भाग्य है कि कटनी जिले में सत्ता पक्ष के जनप्रतिनधियों के बीच समन्वय नहीं एक जिम्मेदार काम कराने के लिए आगे आता है तो दूसरा उसकी टांग खींचने में लग जाता है ऐसा ही मामला फिलहाल चांडक चौक से घंटाघर मार्ग में भी नजर आ रहा है यहां भाजपा के ही जनप्रतिनिधियों के बीच एका नहीं होने की सजा स्थानीय रहवासी भोग रहे हैं। कटनी के मुख्य मार्ग में डामलीकरण किया जा रहा है उम्मीद जगी थी कि चांडक चौक से घंटाघर मार्ग भी इस डामलीकरण में शामिल होगा लोगों को राहत मिलेगी लेकिन टेंडर निकले तो यह मार्ग अचानक गायब हो गया। मामला प्रभारी मंत्री तक पहुंचा तो उन्होंने सड़क निर्माण के आदेश दिये। पर आज तक यह सड़क नहीं बन सकी। धूल और गड्ढों के बीच लोग परेशान हैं। सूत्रों के मुताबिक इस मार्ग के चौड़ीकरण की बात कहते हुए जिम्मेदार जनप्रतिनधि मार्ग को बनाने में रोड़ा अटका रहे हैं। चौड़ीकरण की यह प्रक्रिया दो सालों से चल रही है पर हो नहीं पा रही। अतिक्रमण बता कर इस मार्ग को यूं ही रोता बिलखता छोड़ने के पीछे शहर में चर्चा यह है कि सत्ता पक्ष के एक जनप्रतिनिधि इस शहर को बनाने के लिए अड़े थे। जबकि दूसरे सिर्फ इसीलिए इसे बनने से रोकने पर अड़ गए क्योंकि इस श्रेय दूसरे को मिल जाता। इसे शहर का दुर्भाग्य ही कहें कि एक विकास के लिए भी राजनीति का बुल्डोजर सड़क को और भी खराब कर रहा है।

संक्षिप्त

पहले फसल बेचने और अब अपने पैसे लेने बैंक के चक्कर लगाते परेशान किसान

कटनी। सरकार किसानों के लिए सहूलियत के लाख दावे करे पर हकीकत इससे कोसों दूर है। कटनी जिले में धान खरीदी में पहले तो किसान परेशान हुए बारिश से धान भीगी खरीदी केन्द्रों पर लंबी कतारें लगीं दिखीं अब भी किसान परेशान है और परेशानी इस बार धान की बिकवाली नहीं बल्कि इसके बाद भुगतान को लेकर है। ग्रामों में सहकारी बैंकों में नगदी की कमी से किसानों को भुगतान हीं हो पा रहा है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी समाप्त होने के बाद अब किसान धान के एवज में मिलने वाली नकद राशि प्राप्त करने के लिए परेशान हैं। जिले के सहकारी बैंकों में किसानों की भीड़ उमड़ रही है। मंगलवार को बहोरीबंद स्थित सहकारी बैंक की शाखा में बड़ी संख्या में किसान पहुंचे। इसमें ज्यादातर ऐसे किसान भी रहे, जो तीन से चार दिन या फिर एक सप्ताह से बैंक के चक्कर लगा रहे हैं।

सहकारी बैंकों में किसानों की भीड़

किसान जमुना प्रसाद ने कहा कि वे 15 दिन से बैंक आ रहे हैं। पचास-पचास हजार रूपए चार बार में दिया गया। जरूरत ज्यादा की है, लेकिन बैंक में कहा गया कि नकद राशि कम है। एक अन्य किसान सुरेंद्र पटेल ने बताया कि दो सप्ताह में अस्सी हजार रूपए ही मिल सका, रामलाल को दो दिन में चालीस हजार रूपए ही मिले। जरूरत एक लाख रूपए की है। किसानों ने बताया कि सरकार धान खरीदी के बाद समय पर किसानों को राशि का भुगतान नहीं कर रही है। किसान अपना पैसे लेने के लिए बैंकों के चक्कर लगाते परेशान हैं। किसानों ने बताया कि बहोरीबंद सहकारी बैंक की शाखा की तरह ही कमोबेश जिले के दूसरे सहकारी बैंकों की स्थिति है। समस्या पर बैंक के शाखाओं के प्रबंधक बताते हैं कि किसानों को भुगतान के लिए 15 करोड़ आबंटित होता है, लेकिन नगदी डेढ़ करोड़ ही आ पाती है। इसलिए भुगतान में विलंब हो रहा है। डिमांड की तुलना में कम नकदी आने के कारण किसानों को उनके द्वारा मांगी गई राशि देना मुश्किल हो जा रहा है

पड़रभटा में बाहर की धान बताकर 7 दिन भटकाया किसानों को

मंत्री, विधायक, संगठन सबकी फरियाद बेकार

कटनी। कुछ रोज पहले कटनी में स्लीमनाबाद क्षेत्रांतर्गत हरियाणा की धान बता कर करीब 620 बोरी धान को जप्त कर थाने में खड़ा करा दिया गया। इसके बाद की जो कहानी हम आपको बताएंगे वह यह प्रदर्शित करेगी कि कटनी में सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों की गुहार भी अधिकारियों के लिए कोई मायने नहीं रखती। यह पूरा मामला अधिकारियों के अहम से जा टकराया था, लिहाजा अधिकारियों ने मन बना लिया था कि कोई कुछ भी कर लें पर धान को न सिर्फ बाहर का बता कर इसकी जप्ती के साथ प्रदेश में नाम कमाना है वरना नेतागिरी कर रहे किसानों को सबक भी सिखाना है।

एक सप्ताह चला पूरा ड्रामा अंतिम दिन छोड़ी गई धान

जिस धान को मध्यप्रदेश के बाहर की बता कर कटनी में पकड़ने का दावा किया गया। उसके सिर्फ 4-6 बारदाने अर्थात बोरियों में पता टेग दूसरे प्रदेश का लिखा था लेकिन इस बारदाने की कीमत करीब एक दर्जन किसानों को भरी ठंड थाना और आफिसों के चक्कर लगाने पर विवस कर देगी इसका अंदाजा जरा भी नहीं था। खैर एक सप्ताह तक स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष किसानों के साथ धान को कटनी जिले की बताने के पूरे प्रयास में जुटे रहे। अधिकारी विशेष तौर पर इसे जप्त करने वाली एसडीएम मैडम को यह विश्वास दिलाने के हर उपाय करते रहे लेकिन न तो एसडीएम मैडम इसे मान रहीं थीं न ही कलेक्टर साहब मान रहे थे बाद में 19-20 तारीख को धान अंततः छोड़ना पड़ी।

संगठन और जनप्रतिनिधि भी किसानों को नहीं दिलाा पाए धान

इस पूरे मामले की खास बात यह रही कि धान को कटनी जिले की बताने के लिए क्षेत्रीय विधायक संगठन प्रमुख मंडल प्रमुख ही नहीं जिले के प्रभारी मंत्री ने भी अधिकारियों से बात की लेकिन अधिकारियों ने उन्हें भी तमाम चक्करों में उलझा कर पूरा मामला ही बदल डाला और तो और थाने में एफआईआर के लिए तक लिखा गया लेकिन भला हो थाना प्रभारी का जिन्होंने पूरे मामले का समझ कर फुड विभाग तथा एसडीएम कार्यालय से ही पूछा कि आखिर किसानों पर कौन सा अपराध दर्ज करें। साफ है कटनी जिले में अधिकारियों का यह रवैया सत्ता और संगठन के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष तक पहुंचा मामला

एक सप्ताह भटकाने के बाद दिया आदेश इस पूरे मामले की शिकायत गत दिनों भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष तथा क्षेत्रीय सांसद तक पहुंचा तब कहीं जाकर अधिकारियों को यह धान कटनी की नजर आई और फिर खरीदी की लास्ट डेट को बेचारे किसानों को धान मिल सकी। कुछ किसानों की धान बिक पाई कितनों की नहीं यह फिलहाल पता नहीं है। पर एक बात तय है कि अगर धान प्रदेश के बाहर से कटनी आई थी तो तमाम नाके पुलिस मंडी के बैरियर से यह कटनी तक कैसे पहुंच पाई सिर्फ कटनी में ही धान को पकड़ा जा सकता यह भी स्थानीय अधिकारियों को समझ नहीं आया।

यह है पूरा मामला

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान पिछले वर्ष की धान को ही खपाया जा रहा है। 13 जनवरी को स्लीमनाबाद तहसील के पड़रभटा धान खरीदी केंद्र में एसडीएम की जांच के दौरान बड़ी मात्रा में कथित तौर पर संदिग्ध धान मिली। यहां 620 बोरी बारदाने में हरियाणा का स्टीकर लगा मिला। एसडीएम बहोरीबंदने स्टीकर के बारे में जानकारी ली तो खरीदी केंद्र प्रभारी और किसान कुछ भी नहीं बता सके। तभी पता चला कि पडरभटा में ही घनश्याम राइसमिल है और राइसमिल से धान केंद्र आ रही है। एसडीएम राइसमिल पहुंची तो 1 ट्रक में 700 बोरी धान मिली और बोरियों में हरियाणा का स्टीकर लगा था। एसडीएम ने राइसमिल संचालक से कागजात मांगे तो राइसमिल संचालक नहीं दिखा सका। एसडीएम के निर्देश पर राइसमिल में 17 सौ बोरी धान जब्त किया गया। यहां जांच के दौरान एक ट्रक में लोड धान 700 बोरी,4 ट्रको में लोड 350 बोरी धान व खरीदी केंद्र के अंदर तौल होकर रखी 620 बोरी धान को ट्रक व टैक्टरों सहित स्लीमनाबाद थाना में खड़ा कराया गया। 680 क्विंटल धान की कीमत समर्थन मूल्य पर 13 लाख 26 हजार रुपये करीब की थी। फिर यह कहा गया कि पडरभटा खरीदी केंद्र के निरीक्षण के दौरान हरियाणा राज्य की धान खफ़ाने की तैयारी थी जिसे जप्त किया गया। खरीदी प्रभारी रमाकांत पर कार्रवाई की बात भी सामने आई थी।

जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा से बंद हो गई सीवर लाइन

कटनी। शहर का दुर्भाय है जहां एक ओव्हर ब्रिज महज दो साल में बनकर तैयार हो जाता है वहीं एक सीवर लाइन तीन बरस में भी नहीं डल पाती। शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सीवर लाइन की महात्वाकांक्षी परियोजना फिलहाल बंद है। अमृत योजना के तहत सीवर लाइन योजना लाई गई। इस योजना पर शहर में 2017 से काम चल रहा है। सीवर लाइन का काम फरवरी 19 में पूरा हो जाना था, लेकिन जानकर ताज्जुब होगा कि पांच साल बाद भी काम पूरा नहीं हुआ। ठेकेदार केके स्पन प्राइवेट लिमिटेड ने महज 34 प्रतिशत अबतक काम किया है। एसटीपी प्लांट कुठला में गंभीर हादसा भी हो गया था, जिसमें दो बच्चे काल कलवित हो गए। केके स्पन द्वारा लगातार गुणवत्ता से खिलवाड़ करते हुए काम किया गया। जिसे पत्रिका ने प्रमुखता से उजागर किया। इस मामले में अब नगर निगम द्वारा ठेके को टर्मिनेट कर दिया गया है।

कंपनी को कर दिया टर्मिनेट

केके स्पन कंपनी इस काम के लिए 3 जनवरी को टर्मिनेट कर दिया गया है। इसके बाद अब एजेंसी द्वारा यह मूल्यांकन शहर में काया जा रहा है कि अभी तक कंपनी ने कितना काम किया है। कितना काम बाकी रह गया है। अब इस प्रोजेक्ट में क्या लागत आएगी। मूल्यांकन होने के बाद रिटेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी, ताकि फिर से शहर में सीवर लाइन का काम हो सके। बता दें कि इस काम की गिरानी के लिए पीडीएमसी कंपनी एजिज काम देख रही है, जिसे लगभग 3 लाख रुपये हर माह भुगतान हो रहा है, लेकिन इस कंपनी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

जनप्रतिनिधियों को रूचि नहीं

ऐसा नहीं है कि कटनी में सत्ता के लिहाज से कोई कमी हो। जिले में हर प्रमुख जनप्रतिनिधि सत्ता पक्ष का ही है। तीन तीन विधायक सांसद और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भी हैं लेकिन कोई भी ऐसा नहीं जो शहर के विकास की बंद पड़ी या अटकी पड़ी योजनाओं को लेकर संजीदगी दिखाए हालात कटनी नदी पुल के बाद सीवर लाइन आपके समक्ष है।

सीएम कर रहे बिजली बेहतरी के दावे, कटनी में तीन दिन से गांव में अंधेरा

कटनी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह भले ही प्रदेश में बिजली को लेकर अपनी पीठ खुद थपथपा रहे हैं लेकिन कटनी में बिजली से लोग लगातार परेशान हो रहे हैं। बिजली विभाग द्वारा ग्राम पंचायत केवलारी के गांव बिछिया में कुछ लोगों द्वारा लंबे समय से बिजली का बिल जमा नहीं करने के बाद पूरे गांव की बिजली काट दी गई। बिजली विभाग द्वारा पूरे गांव की बिजली काटे 48 घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद परेशान ग्रामीणों ने मोमबत्ती जलाकर विरोध जताया। ग्रामीणों ने कहा बिजली विभाग के तानाशाही रवैये के कारण ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। सबसे ज्यादा समस्या परीक्षा नजदीक होने के कारण छात्रों को हो रही है। बिछिया गांव के ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग की मनमानी के कारण ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। जिन छात्रों की कक्षाएं ऑनलाइन चल रही है, उनकी पढ़ाई नहीं हो पा रही है। इसके साथ ही बोर्ड की परीक्षाएं नजदीक है, ऐसे में बिजली आपूर्ति बाधित कर दिए जाने के कारण ऐसे छात्रों की भी पढ़ाई अंधेरे के कारण नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि 48 घंटे से बिजली की समस्या है। इससे ग्रामीणों के दूसरे कार्यों पर भी असर पड़ा है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में जिन लोगों ने बिजली बिल नहीं दिया है, उनसे विभाग बिजली बिल जमा करवाए। कुछ लोगों की बेपरवाही का खामियाजा पूरा गांव भुगत रहा है यह ठीक नहीं है।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

नीरज सिनेप्लेक्स में
अंतिम 3 दिन
रोजाना 3 शो ता. 14 से दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास- 100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।
Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल, कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।

आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
mgm HOSPITAL एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट ऐ ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

सिटी मॉल बरही रोड में
अंतिम 3 दिन
रोजाना 3 शो ता. 14 से 1,4 एवं सायं 7.30 बजे से



PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 21 जनवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

बंधी स्टेशन से सरसवाही होते हुए पौनिया जाने वाला मार्ग दुर्दशा का शिकार, रोक के बावजूद हो रहा आवागमन

धड़ल्ले से निकल रहे ओव्हरलोड हाइवा, खस्ताहाल हो गई सड़क

कटनी। स्लीमनाबाद तहसील के अंतर्गत बंधी स्टेशन से सरसवाही होते हुए पौनिया जाने वाला मार्ग एक बार फिर जर्जर और खस्ताहाल हो गया है। इसके पीछे मुख्य कारण इस मार्ग से ओव्हर लोड हाइवा वाहनों का आवागमन बताया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण होने के बाद ओव्हर लोड वाहनों के आवागमन की वजह से सड़क खराब हो गई है। यह वाहन बंधी स्टेशन के अत्यंत ही व्यस्ततम मार्ग से होकर गुजरते हैं, जिसकी वजह से जाम के साथ ही हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। बताया जाता है कि वर्ष 2009 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बंधी स्टेशन से मटवारा सरसवाही तक करीब 3.54 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया जाना था। सड़क के निर्माण के बाद इसे लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया था। लोक निर्माण विभाग को सड़क दिए जाने के बाद इस सड़क से हाइवा वाहनों का धड़ल्ले से आवागमन होने लगा, जिसकी वजह से सड़क जर्जर और खस्ताहाल हो गई। ग्रामीणों ने सड़क के पेंचवर्क की मांग की थी लेकिन लोनिवि ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। लोनिवि द्वारा पेंचवर्क के नाम पर सिर्फ औपचारिकता की जा रही है, जबकि राहगीरों तथा स्कूल के छात्रों क पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। इस रोड पर ओवर लोड हाइवा की धमाचौकड़ी के चलते पेंचवर्क एक दिन नहीं टिक पाता, जबकि उक्त विभाग द्वारा हैवी ओवर लोड वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई थी लेकिन स्थानीय अधिकारियों की उदासीनता से सड़क के परखच्चे उड़ गए हैं। ग्रामीणों ने लोनिवि के अधिकारियों के साथ ही कलेक्टर का ध्यान इस ओर दिलाते हुए गुणवत्तायुक्त पेंचवर्क की मांग की है।

बस्ती से निकल रहे हाइवा, हर पल लग रहा जाम

बाइक ने मारी बालक को ठोकर, छोटा बरहटा में दुर्घटना

कटनी/रीठी। रीठी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम छोटा बरहटा के एक 5 वर्षीय बच्चे को मोटरसाइकिल चालक ने ठोकर मार दी, जिससे बच्चा बाइक के साथ घसीट गया और उसके माथे सिर और सीने में चोट आई है। प्राप्त जानकारी अनुसार घटना गुरुवार 20 जनवरी शाम की बताई गई है। घटना के संबंध में पीड़ित की मां कांति बाई ने बताया कि 5 वर्षीय दीपक ग्राम छोटा बरेहटा का है। मां बेटे को लेकर मुहास से अपने गांव बरेहटा लौट रही थी, तभी बरेहटा मोड़ पर गांव जाने के लिए ऑटो से उतरी, तभी बाइक चालक युवक ने आगे चल रहे बच्चे को ठोकर मार दी, जिससे बच्चा बाइक के चपेट में आकर काफी दूर तक घसीट गया और गंभीर रूप से बच्चा घायल हो गया। आनन फानन में उसे रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही रीठी पुलिस ने बाइक चालक को पकड़ कर मामले को जांच में लिया है।

मेमू सहित कई ट्रेनों में जांच, बिना टिकट से ज्यादा बिना मास्क पहने मिले यात्री, कटा चालान

ट्रेनों में अब मास्क नहीं पहनने पर होगी कार्रवाई

कटनी। कोरोना संक्रमण की रफ्तार बढ़ने के बाद मास्क नहीं पहनने वालों के खिलाफ शहर में चालानी कार्यवाही की जा रही है। अब रेलवे ने भी कोरोना गाइडलाइन का पालन नहीं करने वाले यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। अभी तक स्टेशन पर मास्क नहीं पहनने वाले यात्रियों पर ही जुर्माना लगाने की कार्रवाई कर रहा था लेकिन अब ट्रेन में सफर के दौरान मास्क न पहनने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जा रही है। मंडल ने ऐसे यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई करने ट्रेनों में जांच अभियान शुरू कर दिया है। पहले दिन कटनी से जबलपुर के बीच चलने वाली ट्रेनों की जांच की गई। इस दौरान मास्क न पहनने वाले 30 यात्रियों पर चालानी कार्रवाई की। इनमें 30 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। जांच टीम ने मेमो ट्रेन की जांच की। इस दौरान बिना टिकट से ज्यादा मास्क नहीं पहनने वाले यात्री मिले। रेलवे अधिकारियों ने पहले तो सभी को मास्क पहनने की जरूरत को बताया। इसके बाद भी कई यात्रियों ने उनकी बात को नजर अंदाज कर दिया, जिसके बाद उनका चालान काटा गया। इस दौरान कई ऐसे यात्री थे, जिसके पास मास्क तक नहीं थे। उन पर जब जांच अधिकारी ने चालान की कार्रवाई की तो उन्होंने आनन फानन में रूमाल बांध लिया। इस दौरान बिना मास्क के सफर कर रहीं महिलाओं ने अपनी साड़ी के पल्लू को ही मास्क बना लिया।

कोरोना संक्रमण बढ़ने के बाद रेलवे एक्शन मोड पर

टिकट व मास्क की करेंगे जांच टीटीई

जबलपुर रेल मंडल की ट्रेनों में मास्क न पहनने वाले यात्रियों के खिलाफ जांच अभियान तेज कर दिया है। अब टीटीई यात्री की टिकट के साथ यात्री मास्क पहनने हैं या नहीं, इसकी भी जांच करेंगे। इधर विभाग ने स्पेशल टिकट बनाकर सभी ट्रेनों में जांच शुरू कर दी है। रेलवे के मुताबिक मास्क न पहनने वालों पर अभी जुर्माना लगाया जा रहा है। इसके बाद चालान की शुल्क भी बढ़ाई जाएगी।

टीम कमलनाथ के प्रदेशाध्यक्ष बने अमित शुक्ला

कटनी। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कटनी जिले के सक्रिय कांग्रेस नेता एवं जिला अधिवक्ता संघ कटनी के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अमित शुक्ला को टीम कमलनाथ का प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेशाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के साथ ही अमित शुक्ला से संगठन को मजबूत बनाने और प्रदेश कार्यकारिणी के गठन की अपेक्षा की गई है। टीम कमलनाथ का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों, मित्रगणों एवं स्नेहीजनों ने शुभकामनाएं दी है।

कोरोना की बढ़ी रफ्तार, जनवरी में 500 के करीब पहुंच रहे मामले

आज फिर आधा सैकड़ा से ज्यादा केस, शहर के हर क्षेत्र में पहुंचा संक्रमण

कटनी। जिले में भले ही पिछले तीन दिनों से कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या आधा सैकड़ा के आसपास है लेकिन शहर के सभी कोरोना संक्रमण की दस्तक हो गई है। सरकारी विभागों से लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी अब इस महामारी के शिकार हो रहे हैं। जनवरी के महीने में ही मिले पॉजीटिव केस की संख्या 500 के करीब पहुंच गई है। जिले में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण की वजह से कुछेक क्षेत्र हॉटस्पॉट बनते नजर आ रहे हैं। इसके बावजूद लोगों में न तो जागरूकता दिख रही है और न ही इस महामारी के प्रति सावधानी। प्रशासन द्वारा की जा रही चालानी कार्यवाही के बाद अब ज्यादातर लोग मास्क पहने नजर तो आ रहे हैं लेकिन अभी सोशल डिस्टेसिंग के प्रति उदासीनता ही दिख रही है।

593 सेम्पल की रिपोर्ट में 57 केस, 39 स्वस्थ

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि सुप्राटेक लैब से कल रात मिली 593 सेम्पल की रिपोर्ट में 57 नए पॉजीटिव केस मिले हैं। यह सेम्पल विगत 19 जनवरी को लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। पिछले 24 घंटे में 39 मरीजों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किया गया है।

जनवरी में अब तक मिले कोरोना केसेस

07 जनवरी	05
08 जनवरी	03
09 जनवरी	05
09 जनवरी	08
10 जनवरी	05
11 जनवरी	22
12 जनवरी	21
13 जनवरी	45
14 जनवरी	67
15 जनवरी	62
16 जनवरी	64
17 जनवरी	55
18 जनवरी	34
19 जनवरी	58
20 जनवरी	50
21 जनवरी	57

जैन तीर्थ सम्मेद शिखर में असमाजिक तत्वों द्वारा किए गए उपद्रव का विरोध

सकल दिगम्बर जैन समाज पहाड़ी ने मौन जलूस निकाला, राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

कटनी। पहाड़ी में विराजमान कनार्टक केसरी आचार्य कुलरत्न भूषण जी के सानिध्य में राकेश जैन कक्का के नेतृत्व में सकल दिगम्बर जैन समाज पहाड़ी द्वारा सोशल डिस्टेंस की दूरी बनाते हुए मास्क लगाकर काली पट्टी बांधकर कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए ग्राम में मौन जलूस निकाला, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए जैन धर्मशाला सन्त भवन में समाप्त हुआ। सकल जैन समाज के लोगों ने अपनी दुकानों व प्रतिष्ठानों को बंद रखकर मांग का समर्थन किया। महामहिम राष्ट्रपति से ज्ञापन में मांग की गई कि गई कि जैन तीर्थ सम्मेद शिखर जी में 15 जनवरी 2022 को असमाजिक तत्वों द्वारा की गई अश्लीलता एवं उपद्रव की भविष्य में रोकथाम की जाय। उपस्थितजनो में राकेश जैन कक्का, आराधना जैन, पहाड़ी जैन समाज अध्यक्ष राकेश जैन, महिला जैन समाज अध्यक्ष सुमन जैन, मुकेश जैन, सुरेंद्र जैन, त्रिलोकचन्द्र जैन, आंनद जैन, बी एल जैन, राज जैन, लक्ष्मी चंद जैन, राजेन्द्र जैन, प्रकाश जैन, विजय जैन, राजेश जैन, अंजू जैन, सोनाली जैन, मुक्ता जैन, कमलेश जैन, मधु जैन, सुकेश जैन, सुभाष जैन, मन्नू जैन, अभय जैन, सुमेरचंद जैन, राजेन्द्र रज्जू जैन, मुनि जैन, अभिषेक जैन, रेशु जैन आदि समस्त जैन समाज पहाड़ी उपस्थित थे।

निकायों की मतदाता सूची का होगा वार्षिक पुनरीक्षण

कटनी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए एक जनवरी 2022 की संदर्भ तारीख के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। जिला स्तरीय प्रशिक्षण 14 से 17 जनवरी तक किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में पृथक से कार्यक्रम घोषित किया जायेगा।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

आम सूचना दिनांक 30/11/2021 का खण्डन

मैं अफजल खान एडव्होकेट कटनी द्वारा अपने पक्षकारगण सतपाल पटेल, इंद्रपाल पटेल, धर्मदास पटेल वल्द स्व. अमृतलाल पटेल, सालिगराम पटेल वल्द स्व. ओंकार प्रसाद पटेल, गंगाराम पटेल वल्द स्व. ओंकार प्रसाद पटेल सभी निवासी रामजानकी हनुमान वार्ड कटनी के निर्देशानुसार समाचार पत्र यश भारत के अंक दिनांक 30/11/2021 में श्री आर.पी. मिश्रा (राधे मिश्रा) द्वारा श्री ध्रुवप्रताप सिंह आत्मज श्री वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बिजौरी, तहसील बड़वारा, जिला कटनी म0प्र0 की ओर से आम जनता को सूचित करने हेतु आम सूचना का प्रकाशन कराया गया था। प्रकाशित आम सूचना दिनांक 30/11/2021 पूर्णतः असत्य एवं आधारहीन है, जिसका खण्डन किया जाता है वास्तविकता यह है कि मेरे पक्षकारगण के पिता स्व. ओंकार प्रसाद पटेल वल्द मानिक लाल पटेल मौजा छपरवाह पुराना पटवारी हल्का नंबर 44 नया 43 में स्थित भूमि खसरा नंबर 8/2 रकवा 0.101, खसरा नंबर 12/2 रकवा 0.283 हे., खसरा नंबर 18/2 रकवा 0.809 हे. कुल रकवा 1.193 हे. एवं खसरा नंबर 18/1 रकवा 2.007 हे0, खसरा नंबर 18/4 रकवा 0.632 हे., खसरा नंबर 21/2 रकवा 0.040 हे., खसरा नंबर 22/4 रकवा 0.247 हे. एवं खसरा नंबर 23 /2 रकवा 0.829 हे 0 कुल रकवा 3.755 हे. उपरोक्त सभी भूमियों का रकवा 4.948 हे. के मौरुसी कास्तकार थे जो राजस्व रिकार्डों में दर्ज चली आ रही थी, स्व0 ओंकार प्रसाद पटेल वल्द स्व. मालिक लाल पटेल की मृत्यु पश्चात उनके वारसानों का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुआ। स्व. ओंकार प्रसाद पटेल वल्द स्व. मानिक लाल पटेल के वारसान बानो बाई बेवा ओंकार प्रसाद पटेल, अमृतलाल पटेल, सालिगराम पटेल, गंगाराम पटेल वल्द स्व. ओंकार प्रसाद पटेल द्वारा वर्ष 1989 में उक्त वर्णित भूमियों को भूमिस्वामी हक में राजस्व रिकार्ड में दर्ज किये जाने हेतु तहसीलदार महोदय कटनी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसका राजस्व प्रकरण क्रमांक 01/अ-46/1989-90 अमृत लाल विरुद्ध शासन है, जिसमें श्री ध्रुवप्रताप सिंह के पिता स्व. ठाकुर श्री वीरेन्द्र सिंह आत्मज स्व. श्री रामनिवास सिंह द्वारा एवं मेरे पक्षकारगणों के द्वारा दिनांक 05/05/1990 को न्यायालय के समक्ष उपरोक्त वर्णित भूमियों के संबंध में राजीनामा आवेदन अंतर्गत आदेश 23 नियम 3 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया था, उक्त राजीनामा के आधार पर न्यायालय तहसीलदार महोदय कटनी द्वारा दिनांक 05/05/1990 को ही राजीनामा आवेदन स्वीकार कर उपरोक्त वर्णित भूमियों खसरा नंबर 18/1 रकवा 2.007, खसरा नंबर 18/4 रकवा 0.632 हे., खसरा नंबर 21/2 रकवा 0.040 हे., खसरा नंबर 22/4 रकवा 0.247 हे., खसरा नंबर 23/2 रकवा 0.829 हे. कुल रकवा 3.755 हे. में से 0.809 हे. भूमि ठाकुर वीरेन्द्र सिंह वल्द रामनिवास सिंह को प्राप्त हुई, जो राजस्व रिकार्ड खसरा में खसरा नंबर 18/7 रकवा 0.709 हे. एवं खसरा शेष नंबर 22/7 रकवा 1.00 हे. कुल रकवा 0.809 हे. के रुप में दर्ज हुआ रकवा खसरा नंबर 18/1 रकवा 1.298 हे., खसरा नंबर 18/4 रकवा 0.632 हे. खसरा नंबर 21/2 रकवा 0.040 हे., खसरा नंबर 22/4 रकवा 0.147 हे. खसरा नंबर 23/2 रकवा 0.829 हे. कुल रकवा 2.946 हे. तथा खसरा नंबर 8/2 रकवा 0.101 हे., खसरा नंबर 12/2 रकवा 0.283 हे., खसरा नंबर 18/2 रकवा 0.809 हे. इस प्रकार कुल रकवा 1.193 हे. सभी खसरा नंबरों का कुल रकवा 4.139 हे., मेरे पक्षकारगणों को प्राप्त हुआ जिस अनुसार राजस्व अभिलेख दुरुस्त हुआ था, इस प्रकार मेरे पक्षकारगण उपरोक्त वर्णित भूमियों के भूमिस्वामी है। जिसमें किसी अन्य व्यक्ति का कोई भी हक व अधिकार व स्वत्व निहित नहीं है। मेरे पक्षकारगण उपरोक्त वर्णित भूमियों में प्रारंभ से ही निरंतर काबिज होकर कास्तकारी करते चले आ रहे हैं। आम सूचना दिनांक 30/11/2021 पूर्णतः निराधार है। मेरे पक्षकारगण उक्त सूचना का खण्डन करते हैं तथा मेरे पक्षकारगण अपने नाम दर्ज भूमियों के स्वत्वाधिकारी भूमिस्वामी है, जिन्हें उक्त वर्णित भूमियों को हर तरह से उपयोग एवं उपभोग करने का विक्रय इत्यादि करने का वैधानिक अधिकार है । यदि मेरे पक्षकारगण को उनके उक्त स्वत्व की भूमि में किसी प्रकार से कोई व्यवधान उत्पन्न किया जाता है या किसी भी प्रकार की कोई गलत कानूनी कार्यवाही की जाती है तो मेरे पक्षकारगण अपने अधिकारों की रक्षा हेतु वैधानिक कार्यवाही करेंगे जिसमें होने वाले समस्त हर्जे खर्चे व नुकसानी के देनदार सूचना प्रकाशितकर्ता श्री ध्रुव प्रताप सिंह होंगे। अतः सूचना दिनांक 30/11/2021 को खण्डन किया जाता है ।

कटनी, दिनांक - 20/01/2022

भवदीय
अफजल खान, एडवोकेट तहसील परिसर, कटनी म.प्र., मो. नं.- 7000386090

यदि यश भारत समय पर आप तक नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

कार्यालय कलेक्टर जिला कटनी एवं समुचित सरकार, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

भूमि-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 19 के अंतर्गत

उद्घोषणा

क्र. 002/अ-82/20-21 — कटनी, दिनांक. 16 नवम्बर 2021

चूँकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची (1) में वर्णित भूमि के कॉलम नंबर 6 में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। इस हेतु अनुसूची (2) में वर्णित भूमिवासियों का भूमि का पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 19 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

अनुसूची-1

जिला	तहसील	रा.नि.मं.	नगर/ग्राम	अर्जित रकबा लगभग क्षेत्रफल हे.	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
कटनी	कटनी	पहाड़ी	झलवारा प.ह.नं. 30 नं.बं. 153	0.83 हे.	कटनी ग्रेड सेपरेटर बायपास लाइन का निर्माण कार्य हेतु भू-अर्जन

अनुसूची-2

(प्रभावित धारकों की सूची)

क्र.	कृषक का नाम पिता/पति का नाम	खसरा नं.	भूमि का कुल रकबा	अर्जित की जाने वाली भूमि का विवरण हें. सिंचित	असिंचित	कुल हे.
1	भुक्की बाई पत्नी स्व. भोला, कवि,रोशन नाबा.आशाबाई शकुन्तला बाई वल्द भोला बली माँ भुक्की बाई चमार	353	0.38	-	0.19	0.19
2	बिसरती बेवा राममिलन	351	0.61	-	0.02	0.02
3	जयवीर सिंह वल्द बंशधारी सिंह गोंड़	350	0.30	-	0.21	0.21
4	लवकुश, फुल्लूबाई, मुन्नी बाई, गोरी बाई, लक्ष्मी बाई वल्द सुखैया कोल, राजेश, गनेश, मन्नू, कार्तिक वल्द सोनेलाल, ललता पुत्री सोनेलाल, मन्नी बाई पत्नी सोनेलाल, समीर, मधु वल्द राकेश रामप्यारी पत्नी राकेश कोल	344	0.46	-	0.08	0.08
5	राजेश, गनेश, मन्नू, कार्तिक वल्द सोनेलाल, ललता, पुत्री सोनेलाल, मुन्नी बाई, पत्नी सोनेलाल, समीर, मधु वल्द राकेश, रामप्यारी पत्नी राकेश गोंड	343	0.61	-	0.09	0.09
6	फूलसिंह वल्द सम्मन सिंह गोंड	342	0.49	-	0.07	0.07
7	श्रीमती शशिकला जोजे नरेन्द्र कमार गर्ग नि. गुलुवा, रघुराजनगर, सतना	340/1	2.40	-	0.10	0.10
8	बृजलाल वल्द शिवप्रसाद गर्ग नि. मुलुवा, रघुराज नगर, सतना	340/2	1.19	-	0.07	0.07
	योग				0.83	0.83

2. चूंकि कटनी ग्रेड सेपरेटर बायपास लाइन के निर्माण भू-अर्जन किए जाने हेतु हितबद्ध व्यक्तियों की भूमि का अर्जन प्रस्तावित हैं जिसमें कोई भी व्यक्ति का विस्थापन नहीं होने से धारा 19 की उपधारा (2) के तहत पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम का सार प्रकाशित करने की आवश्यकता नहीं है।
3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी कटनी के न्यायालय में किया जा सकता है।
4. समुचित सरकार की वेबसाइट dmkatni@nic.in पर भी अपलोड किया गया है।

G-21603-21

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

अनुविभागीय अधिकारी
स्वं भू-अर्जन अधिकारी
कटनी (म.प्र.)

म.प्र. के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
(प्रियंक मिश्रा)
कलेक्टर/समुचित सरकार एवं पदेन
जिला कटनी म.प्र.

नाम सुधार सूचना

मैं Rajeev Saxena S/o B.B.L Saxena उम्र 58 वर्ष निवासी सावरकर वार्ड क्रं. 12 आधारकाप मुड़वारा कटनी की 11वीं मार्कशीट में मेरा नाम Rajeev Kumar Saxena लिखा हुआ है, जबकि मेरा वास्तविक एवं व्यवहारिक नाम जो कि आधार कार्ड, पेन कार्ड, डी.एल. में Rajeev Saxena S/o B.B.L Saxena लिखा हुआ है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे Rajeev Saxena S/o B.B.L Saxena जाना पहचाना एवं पढ़ा जावे।
पुराना नाम-Rajeev Kumar Saxena
नया नाम - Rajeev Saxena

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई,
सिविल लाईन गणेश चौक कटनी, जिला कटनी (म.प्र.) 483501

दूरभाष :- 07622-401753 — ई-मेल :- dpepiukatni@gmail.com
एन.आई.टी. नं. -02/2022/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीई/ — कटनी दिनांक 15.01.2022

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

स.क्र	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रू में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड प्राप्त की जावेगी।
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	2022_PWPIU_179660_1	जिला कटनी के बरही, बहोरीबद, बड़वारा, रीठी, उमरियापान, विजयराघवगढ एवं पहाडी, सी.एच/सी.एच.सी. में 12 विस्तरीय एच.डी.यू. /आई.सी.यू. का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	कटनी	313.36	313400.00	15000.00	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत	03 माह वर्षाकाल सहित	अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. साउथ सिविल लाईन जबलपुर

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर केडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 17.01.2022 समय दोपहर 03:00 से दिनांक 28.01.2022 तक समय शाम 06:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. मूल अमानत राशि एवं तकनीकी बिड केवल ऑनलाईन दिनांक 28.01.2022 को सांयकाल 06:00 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे।
5. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

G-21683/22

संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. कटनी

जिले के एक और बड़े पुल में आ गई दरार

आवागमन डायवर्ट हुआ तो क्षतिग्रस्त हो जाएंगे कई नवनिर्मित मार्ग

कटनी। कटनी-शहडोल बायपास मार्ग पर बना लमतरा ओवरब्रिज क्षतिग्रस्त होने के बाद अभी सुधरा भी नहीं था कि अब जिले के एक और बड़े पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि बरही-मैहर मार्ग पर महानदी पर बने एक किलोमीटर लंबे पुल में भी दरार आ गई है। जिसके कारण कभी भी इस पुल पर से भारी वाहनों का आवागमन बंद हो सकता है।

बरही-मैहर मार्ग पर बने इस पुल से आवागमन बंद हुआ तो भारी वाहनों को बरही से जुहला-चाका बायपास होकर झुकेही होते हुए मैहर का रास्ता तय करना पड़ेगा। जिससे उन्हें लगभग 100 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना होगा अथवा भारी वाहन पहले की तरह बरही से विजयराघवगढ़- कैमोर होते हुए मैहर का सफर तय करेंगे। कैमोर होकर जाने में भारी वाहनों को लगभग 50 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। अगर ऐसा हुआ तो यह न केवल विजयराघवगढ़-कैमोर मार्ग सहित कैमोर के भीतर से गुजरने वाले मुख्य मार्ग के लिए दुखदायी होगा बल्कि नवनिर्मित कैमोर-मैहर मार्ग के लिए भी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण साबित होगा।

गौरतलब है कि इसी साल जुलाई में कटनी शहडोल मार्ग पर लमतरा रेलवे फाटक के ऊपर बनाया गया ओवरब्रिज दूसरी बार क्षतिग्रस्त हो गया था। सात महीने बीत जाने के बाद भी अब तक इस ओवरब्रिज का सुधार कार्य नहीं हो पाया। कैमोर, विजयराघवगढ़, बरही, बाधवंगढ़ सहित उमरिया शहडोल की तरफ से आने वाले सभी प्रकार के वाहनों को रेल अंडरपास से होकर गुजरने वाले वैकल्पिक मार्ग से कटनी आना जाना पड़ रहा है। पिछले दिनों लमतरा औद्योगिक क्षेत्र की लगभग एक किलोमीटर सड़क का डामरीकरण कार्य कराया गया पर वैकल्पिक मार्ग को दुर्दशाग्रस्त हालत में ही छोड़ दिया गया। अब खबर है कि बरही-मैहर मार्ग पर बना पुल भी दूसरी बार क्षतिग्रस्त हो गया है। महानदी पर 10 साल पहले 18 करोड़ की लागत से स्टेट हाइवे नंबर 11 पर इस पुल का निर्माण किया गया था जो जिले का सम्भवतः सबसे लंबा पुल है। इस पुल की लंबाई एक किलोमीटर लंबाई और चौड़ाई 25 फुट है। 2009-10 में यह पुल बनकर तैयार हो गया था और इस पर भारी वाहनों का आवागमन भी चालू हो गया था पर कुछ दिन चलने के बाद ही इस पुल पर दरार आ गई थी।

कैमोर से डायवर्ट हो गया था भारी वाहनों का आवागमन

2012-13 में बरही-मैहर मार्ग पर बने इस पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद पुल पर से भारी वाहनों का आवागमन रोक दिया गया था तब उमरिया, बिरसिंहपुर पाली, नौरोजाबाद, अनूपपुर की तरफ से मैहर सतना की ओर आने वाले वाहन बरही-विजयराघवगढ़-कैमोर मार्ग होकर मैहर-सतना की यात्रा करने लगे थे। अनेक भारी वाहन विजयराघवगढ़ से कारीतलाई होते हुए बदेरा की ओर निकलते थे तो ज्यादातर 20-22 चके वाले वाहन कैमोर भटुरा होकर मैहर की ओर यात्रा करते थे। इन भारी वाहनों के दबाव के कारण कारीतलाई होकर बदेरा की ओर जाने वाला ग्रामीण मार्ग भी जर्जर हो गया था वहीं कैमोर का मुख्य मार्ग भी बदहाल हो गया था। 50-60 टन का वजन लेकर चलने वाले इन वाहनों के दबाव के कारण कैमोर नगर की सड़क के नीचे से गुजरने वाली एसीसी की पाइप लाइन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। स्थिति इतनी बिगड़ गई थी कि भारी वाहनों के आवागमन के विरोध में कैमोर के नागरिकों को आंदोलन करना पड़ा था। अब एक बार फिर इसी तरह की स्थिति बनती नजर आ रही है।

बरही के पुल में फिर आ गई है दरार

बताया गया कि बरही पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद इस पर लगभग 2 साल तक भारी वाहनों का आवागमन बंद रहा। इस बीच पुल का मरम्मत कार्य जारी रहा। 5 करोड़ की राशि मरम्मत कार्य में खर्च होने के बाद पुल पर आवागमन पुनः बहाल कर दिया गया था तब से वाहन इसी पुल पर से होकर बरही से मैहर के बीच की यात्रा पूरी कर रहे। यहां उल्लेख भी है कि मैहर, सतना के बीच लगभग आधा दर्जन से भी ज्यादा सीमेंट उद्योग संचालित हैं जिनमें फ्लाईएश की आपूर्ति बिरसिंहपुर पाली, अनूपपुर, शहडोल जिलों में स्थित पॉवर प्लांटों से की जाती है। बरही होकर मैहर जाने में उन्हें कुल 30 से 40 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। अब पुल में दरार आ जाने के कारण एक बार फिर भारी वाहनों के इस मार्ग से आवागमन पर रोक लग सकती है।

नवनिर्मित कैमोर-मैहर सड़क के लिए भी खतरा

अगर बरही-मैहर मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगी तो भारी वाहनों को बरही से जुहला-चाका बायपास होकर झुकेही होते हुए मैहर तक का सफर तय करना होगा। इसमें उन्हें 100 किलोमीटर से भी अधिक दूरी का चक्कर लगाना पड़ेगा। जबकि अगर वे बरही से विजयराघवगढ़-कैमोर होकर मैहर की ओर जाते हैं तो उन्हें 40 से 50 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी होगी। इससे जहां समय कम लगेगा वहीं डीजल की खपत में भी कमी आएगी पर यह स्थिति हाल ही में बने कैमोर के मुख्य मार्ग एवं नवनिर्मित कैमोर-भटुरा-मैहर मार्ग के लिए बेहद नुकशानदेह साबित हो सकती है। पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय तक कैमोर का मुख्य मार्ग बेहद जर्जर हालत में रहा। विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के विशेष प्रयासों से एसीसी द्वारा हाल ही में कैमोर नगर के मुख्य मार्ग का निर्माण कराया गया है। यही स्थिति कैमोर-भटुरा भदनपुर होकर मैहर जाने वाले मार्ग की भी थी। विधायक श्री पाठक के प्रयासों से ही झुकेही से लेकर भटुरा तक कांक्रीट सड़क निर्माण हुआ था पर भटुरा से आगे मार्ग जर्जर ही था। अभी कुछ ही समय पहले यह मार्ग बनकर तैयार हुआ है। अगर भारी वाहनों ने फिर बरही से मैहर जाने के लिए कैमोर विजयराघवगढ़ मार्ग का उपयोग किया तो न केवल विजयराघवगढ़ कैमोर मार्ग क्षतिग्रस्त होगा बल्कि मुख्य मार्ग एवं सालों इंतजार के बाद बना कैमोर मैहर मार्ग भी बरबाद हो जाएगा।

शिविर का नागरिकों ने उठाया लाभ

कटनी। नगर निगम के वित्तीय वर्ष 2021-22 की समाप्ती के शेष बचे माहों पर निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु एवं नागरिकों के बकाया संपत्ति कर एवं जल कर की राशि को वार्डो में जमा करनें की सुविधा प्रदान करनें के उद्धेश्य से कलेक्टर एवं प्रशासक श्री प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम कार्यालय के कम्प्यूटर कक्ष के अतिरिक्त रोजाना वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आज अंबेडकर वार्ड स्थित राम मंदिर के पास नागरिकों को निगम के बकाया करों को जमा करनें हेतु शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर कि दौरान नगर निगम के राजस्व विभाग के गठित अमलें द्वारा नागरिकों को उनके बकाया करों की राशि की जानकारी प्रदान करते हुए संपत्तिकर की 59 रसीद काटी जाकर 138392 रूपये तथा जलकर की 8 रसीद के माध्यम से 9877 रूपये कुल 148269 रूपये बकाया करों के रूप में निगम कोष में जमा की गई। प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक नें जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 21 जनवरी 2022 को रामकृष्ण परमहंस वार्ड स्थित बिलगवां आंगनबाडी के पास शिविर का आयोजन किया जावेगा। नागरिकों से आयोजित शिविर का लाभ प्राप्त कर निगम के बकाया करों को जमा कर नगर विकास में सहयोगी बननें की अपील है।

सूने मकान में चोरों ने बोला धावा, गहने सहित नगदी ले गए

बरही की संदीप कालोनी सहित करौदी में वारदात

बरही। पड़ रही कड़ाके की ठंड का फायदा उठाने बरही क्षेत्र में अज्ञात चोर सक्रिय हैए जो लगातार सुने मकानों को निशाना बना रहे है। बीती रात अज्ञात चोरों ने संदीप कालोनी स्थित आरआई संतोष दुबे के मकान को निशाना बना लिया। उक्त मकान में शिक्षक शिवरतन ठाकरे, एयरटेल कर्मचारी अरविंद गौर किराए से परिवार सहित रहते है। 16 जनवरी को दोनों किराएदार ताला लगाकर अपने गांव चले गए थे, तभी अज्ञात चोरों ने सुना मकान पाकर चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। बताया गया है शिवरतन ठाकरे के कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने आलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने के साथ 40 हजार नगद पार कर दिया, जबकि अरविंद गौर के कमरे से मामूली चोरी हुई है। वारदात की शिकायत बरही थाना में की गई है।

इधर करौदी कला में हुई हजारों रुपए की चोरी

बरही थाना क्षेत्र के करौंदी कला गांव में चोरों ने राम दयाल नाई की दुकान को निशाना बनाया है। टपरे में चोरों ने चोरी करने के दौरान समान तोड़कर तहस नहस कर दिया है। पीड़ित का कहना है कि मेरे दुकान मे चोरी की यह दूसरी घटना है। जिसमें हजारों रुपये का नुकसान हुआ है मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से लोन लेकर पेट पाल रहा हु चोरों ने फिर घटना को अंजाम दिया है जिसमें हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। गांव के भीमसेन विश्वकर्मा ने बताया कि सोमवार की रात 10 बजे मेरे घर का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया जिसकी भनक लगते ही शोर.शराबा किया चोर मौके से भाग खड़े हो गए। करौंदी कला निवासी नीरज तिवारी ने बताया कि मेरे खेत पर ईट भट्ठे का निर्माण चल रहा है। सोमवार की रात तीन चोरों ने तिरपाल चोरी कर लिया शोर शराबा करने पर मोटरसाइकिल से भाग खड़े हो गए। सभी लोगों ने मामले की सूचना बरही थाना मे दी है पुलिस जांच मे जुटी है।

योजनाओं का कैसे लें लाभ, प्रशिक्षण में दी महत्वपूर्ण जानकारियां

कटनी/रीठी। वर्तमान परिवेश में आये दिन खबरे आती है एवं घटनाएं घट जाती है, जब दूसरे प्रदेशों से मजदूरों को अधिक मजदूरी का लालच देकर श्रमिक दलालों के माध्यम गांव की भोली-भाली जनता को बाहरी ठेकेदारों द्वारा दूर दराज मिलों, कारखानों या गन्ना कटाई आदि के नाम सैकड़ो की तादात में महिला पुरुष, बाल मजदूरों को ले जाया जाता है फिर उनको बंधक बनाकर या मजदूरी का पैसा लंबे दिनों तक काम करवाकर उनकी मजदूरी का पैसा ठेकेदारों द्वारा नहीं दिया जाता है। इस तरह मजदूरों के सामने समस्याये आ खड़ी होती है। कुछ माह पूर्व भी जिले के अनेकों क्षेत्र में मजदूरों के पलायन को लेकर बंधक मजदूरों को शासन-प्रशासन एवं समाजसेवी संस्था के माध्यम से बाहर प्रदेशों से बंधक मजदूरों को सुरक्षित ग्रह ग्राम भेजा गया था। इन्ही समस्याओं के चलते व श्रमिकों को जागरूक करने की दिशा में रीठी तहसील के अंतर्गत आने वाले खम्हरिया ग्राम में बीते दिनों जन साहस संस्था के कम्युनिटी इंगेजमेंट मुकेश द्विवेदी द्वारा श्रमिकों को सुरक्षित पलायन हेतु प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे प्रमुख रूप से शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई, साथ ही मजदूर हेल्पलाइन नंबर की जानकारी प्रदान की गई। जबरन एवं बंधुआ श्रम की पहचान एवं उससे बचाव कैसे किया जाय। श्रम अधिकारों के हनन होने की स्थिति में क्या-क्या किया जाना चाहिए। श्रमिक पंजीयन कैसे किया जाता है व श्रमिक पंजीयन क्यों जरूरी है। शासन द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी श्रम विभाग से श्रमिको को मिलने वाले लाभ आदि विषय प्रशिक्षण के दौरान ग्राम के श्रमिकजनों को संस्था द्वारा चौपाल लगाकर सांझा किये गए।

जन साहस सामाजिक संस्था ने श्रमिकों को दिए टिप्स

12 हितग्राहियों को सांसद ने भेंट की मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

कटनी। खजुराहो सांसद व भाजपा जिलाध्यक्ष वीडी शर्मा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में हितग्राहियों को मोटराईज्ड ट्राइसाइकिल भेंट की। सांसद खजुराहो व सामाजिक न्याय विभाग के सौजन्य से 22 हितग्राहियों को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री शर्मा ने मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल के साथ उपस्थित 12 हितग्राहियों को मोटराईज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की। साथ ही कहा कि सभी हितग्राही सक्षम होकर अपना व अपने परिवार की देखभाल करें। आगे भी शासन स्तर से उनको जो मदद की जरूरत होगी, वह अवश्य की जाएगी। इस दौरान जिला पंचायत प्रधान ममता पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

योजना का लाभ देने में गड़बड़ी करने वाले अस्पतालों पर हो कड़ी कार्रवाई

कटनी। आयुष्मान योजना में जिनको वास्तविक जरूरत है, उनके कार्ड बने हैं या नहीं इस बात को देखने की जरूरत है। जिनके कार्ड बने हैं, वे उनका उपयोग कर रहे हैं और जिन्होंने उपयोग किया है, उनको क्या परेशानी आई है, इसकी जानकारी अधिकारी अवश्य लें। निजी अस्पताल यदि हितग्राही को योजना का लाभ देने में गड़बड़ी करते हैं या राशि जमा कराते हैं तो शिकायत पर जांच करें और जांच सही पाई जाए तो कड़ी कार्रवाई करें। यह निर्देश जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान खजुराहो-कटनी सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने दिए। श्री शर्मा ने नगर के अन्य निजी अस्पतालों को भी योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, जिला पंचायत प्रधान ममता पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम भी मौजूद थे। आयुष्मान योजना को लेकर विधायक श्री जायसवाल ने योजना को लेकर लोगों की सुविधा के लिए एक मोबाइल नंबर जारी करने व सार्वजनिक स्थानों पर बैनर लगाकर उसका प्रचार-प्रसार करने का सुझाव दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि यदि कोई भी हितग्राही से पैसा मांगे तो संबंधित व्यक्ति उस नंबर पर सीधे शिकायत कर सके। बैठक की शुरूआत में सांसद श्री शर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। जिसमें कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आंगनबाड़ियों को गोद लेने, कुपोषण को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कुपोषण मुक्त जिला बनाने की दिशा को लेकर सांसद श्री शर्मा ने कहा कि बच्चों की जानकारी विधानसभावार निकालें और उसके बाद एक अच्छा मॉडल बनाकर उस आधार पर काम करें ताकि जिले से जल्द कुपोषण को समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं के पोषण पर अधिक फोकस करें, उससे अपने-आप कुपोषण में कमी आएगी।

आयुष्मान योजना का दायरा और बढ़ाने हों प्रयास

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में सांसद ने दिए निर्देश

जननी वाहनों की उपलब्धता को लेकर न हो परेशानी

बैठक में सांसद श्री शर्मा ने जिले में उपलब्ध जननी वाहनों के संबंध में जानकारी ली। साथ ही कहा कि जननी वाहनों को लेकर किसी तरह की कोई परेशानी नहीं आए, इसका ध्यान रखें। यदि कहीं कोई जरूरत है, उसे पूरा किया जाएगा। जननी वाहनों को लेकर विधायक श्री जायसवाल ने अस्पतालों के अलावा दूरस्थ गांवों की सुविधा के लिए अन्य स्थानों पर भी वाहनों को खड़े करने की व्यवस्था बनाने को कहा ताकि जरूरत में तत्काल महिलाओं को सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में जिले में कोविड की स्थिति की भी समीक्षा सांसद श्री शर्मा ने की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सांसद को बताया कि जिले में 15-18 वर्ष तक के किशोरों का टीकाकरण कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा है। इसके अलावा एक्टिव केसों की जानकारी भी कलेक्टर श्री मिश्रा ने दी और बताया कि पॉजिटिव मरीज सामने आते ही कंटेटमेनजोन बनाने के साथ ही मेडीसिन किट उपलब्ध कराने के अलावा कंट्रोल रूम के माध्यम से भी मरीजों से जानकारी ली जा रही है। साथ ही बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थानों पर सेंपलिंग का कार्य भी जारी है।

समय पर जमा हो बिजली के बिल

सांसद श्री शर्मा ने बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम व जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पवई-2 ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना के तहत जिले के 159 गांवों को पेयजल योजना का लाभ मिलेगा। जिसमें विकासखंड रीठी के 109 और मुड़वारा विधानसभा के 50 गांव शामिल हैं। जिसको प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजा गया है। इसके अलावा जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों की जानकारी भी अधिकारियों ने बैठक में दी। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि पंचायतों की नलजल योजनाओं के बिल समय पर जमा हों, इसको सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह सारे काम जनता की सुविधा के लिए उसपर फोकस करें। ठेकेदार लापरवाही करते हैं तो उनपर कार्रवाई करें।

यातायात व्यवस्था की भी हुई समीक्षा

दिशा की बैठक में सड़क सुरक्षा समिति व यातायात व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। जिसमें कलेक्टर श्री मिश्रा ने झिंझरी के पास अस्थाई बस स्टैंड बनाने, शहर में पेड पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित करने, ट्रांसपोर्ट नगर व व्यापार विहार की स्थापना के संबंध में जानकारी दी। बैठक में नवीन निर्माण कार्यों में नीचे पार्किंग की व्यवस्था कराने सहित शहर के बैंकों व अस्पतालों में पार्किंग की व्यवस्था को लेकर जांच कार्रवाई करने के निर्देश सांसद श्री शर्मा ने दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत जगदीशचंद्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो सहित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

टायर फटने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई स्विफ्ट डिजायर कार, 3 की मौत

एक गंभीर, हाइवे पर झुकेही के समीप दर्दनाक सड़क हादसा

कटनी। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर गुरूवार की शाम झुकेही के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में स्वीफ्ट डिजायर कार सवार चार में से तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है।

दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिहार के कैमोर जिले के दुर्गावती थाना अंतर्गत ग्राम छाता निवासी 68 वर्षीय जमाल खान पिता हाजी शेहरूम, 23 वर्षीय मुराद खान पिता हसनेन, 62 वर्षीय रफीउल्ला पिता हाजी शेहरूम व 24 वर्षीय सद्दाम पिता जमाल खान सभी स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक एम.एच.01एआर-5699 में सवार होकर बिहार से महाराष्ट्र जा रहे थे। उसीदौरान राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर मैहर व कटनी के बीच झुकेही के पास खम्हरिया मोड़ पर अचानक कार के आगे का दाहिना टायर फट गया। धमाके के साथ फटे टायर के कारण कार अनियंत्रित हो गई और फोरलेन हाइवे के बीच में पानी निकलने के गढ्ढे के हॉज से टकरा कर का बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जैसे ही कार में टक्कर लगी तो कार में सवार 24 वर्षीय सद्दाम पिता जमाल खान कार के दरवाजे से बाहर की ओर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि कार में सवार जमाल खान, मुराद खान व दुर्घटना के समय कार चला रहे रफीउल्ला खान की कार में फंसे रहने से मौत हो गई।

एक घंटे तक कार में फंसे रहे मृतकों के शव

दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और पुलिस को सूचित किया गया। जिसके बाद मौके पर क्रेन लेकर पहुंची पुलिस ने कार खींचकर बाहर की। जबकि लोगों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायल सद्दाम खान को तत्काल जिला अस्पताल कटनी भेजा गया। इस दौरान कार में सवार जमाल खान, मुराद खान व दुर्घटना के समय कार चला रहे रफीउल्ला खान के शव लगभग एक घंटे तक फंसे रहे। जिन्हें बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। मौके पर मिले परिचय पत्रों के आधार पर पुलिस ने दुर्घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद बिहार से रवाना होकर आज सुबह मृतकों के परिजन भी पहुंच गए। जिनकी मौजूदगी में तीनों का पीएम कराया गया।

सट्टा-पट्टी काटते युवक गिरफ्तार

कटनी। कैमोर पुलिस ने सट्टा-पट्टी काट रहे युवक को पकड़कर उसके खिलाफ कार्रवाई की है। मुखबिर द्वारा थाने में सूचना दी गई थी कि देवसरी महगांव में एक युवक सट्टा-पट्टी काट कर अवैध लाभ अर्जित कर रहा है। टीआई अरविंद जैन ने पुलिस कर्मियों को सूचना की तस्दीक के लिए भेजा और जब पुलिस कर्मी मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचे तो धूप सिंह ठाकुर को सट्टा पट्टी के माध्यम से अंकों पर दांव लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से नगदी रूपए और एक नग सट्टा-पट्टी जप्त कर उसके खिलाफ धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है।

जुआ खेलते युवक गिरफ्त में

कटनी। जुआ और सट्टा का खेल इन दिनों शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक जोरों पर चल रहा है। लगातार पुलिस द्वारा जुआरियों, सटोरियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। बावजूद इसके इन अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। कैमोर पुलिस ने दो जुआरियों को पकड़ कर उनके विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस द्वारा ग्राम बघरी में दबिश दी गई जहां बाला प्रसाद ठाकुर उर्फ चुट्टू कोल और उमेश कोल को हारजीत का दांव लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से तास पत्तों के अलावा नगदी रूपए जप्त कर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

फिर दो दिन तक बौछार के आसार

उत्तर-पश्चिम विक्षोभ के कारण बदलेगा मौसम का मिजाज

कटनी। कड़ाके की ठंड से अब लोगों को दो दिनों तक राहत मिलेगी। यह राहत आसमान में बादल छाए रहने के कारण मिलेगी। क्योंकि एक बार फिर विक्षोभ बनने की संभावना है जो जिले में बारिश कराएगा। गौरतलब है कि बुधवार का दिन एक बार फिर कोल्ड-डे रहा है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार का न्यूनतम 4 डिग्री और अधिकतम 21.09 से डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं कल गुरुवार तक उत्तर-पूर्व हवा की दिशा रहने के कारण न्यूनतम तापमान 5 डिग्री के नीचे बना रहा। जिससे ठंड बरकरार रही।

22 और 23 जनवरी को रात के तापमान में बढ़ोत्तरी होगी और दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। दोनों दिनों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम में पश्चिम विक्षोभ बनने की संभावना है, इसलिए दो दिनों तक फिर बारिश होने की संभावना है। हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है जो किसानों के लिए राहत भरी होगी। दो राहत के फिर ठंड बढ़ेगी। इसके बाद मौसम साफ होने के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

कड़ाके की ठंड में कांप गए लोग

पिछले एक सप्ताह से लोग कड़ाके की ठंड से कांप गए हैं। सुबह से लेकर देरशाम तक लोग ठिठुरन महसूस कर रहे थे। वहीं 11 बजे से सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो पा रहे थे। सुबह हर दिन घना कोहरा छाया रहता था। भीषण ठंड के कारण भी लोग परेशान रहे हैं।

इनका कहना है

कल 22 और परसों 23 जनवरी को बारिश की संभावना है। बारिश के चलते फिर ठंड का असर रहेगा, इसके बाद मौसम साफ होगा। किसानों को दो दिनों में दलहनी फसल को काटना होगा व सब्जी आदि की भी तुड़ाई करनी होगी।

डॉ.संदीप चंद्रवंशी, कृषि मौसम वैज्ञानिक

लेडी कांस्टेबल के आरोप के बाद एसपी ने किया लाइन हाजिर, खाकी धारी महिला कांस्टेबल से इश्कबाजी का मामला

मल्टी टैलेंटेड बरही के टीआई हो गए मटियामेट

कटनी/बरही।

थाना बरही के चर्चित टीआई संदीप अयाची का मल्टीटेलेंट उस वक्त मटियामेट हो गया, जब पुलिस विभाग की ही एक महिला कांस्टेबल ने जबलपुर में हंगामा खड़ा करते हुए आरोप लगाया कि बरही के टीआई से उनके अंतरंग संबंध थे। टीआई ने शादी का झांसा देकर उन्हें गर्भवती कर दिया। यह खबर जबलपुर, कटनी सहित समूचे प्रदेश में तीन दिन से सुर्खियां बटोर रही है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद टीआई के गुजरे कार्यकाल में किए गए काले कारनामे की भी पोल खुली, चाहे वह नरसिंहपुर में पदस्थापना के दौरान रेप का आरोप हो या फिर रीवा में मूर्ति चोरी का मामला हो। इन तमाम आरोपो से घिरे टीआई संदीप अयाची की आंच पूरे पुलिस महकमे में लग रहे बदनुमा दाग, पड़ रहे दबाव के बाद मरहम लगाने के लिए कटनी एसपी ने बरही टीआई संदीप अयाची को लाइन हाजिर करने का आदेश गुरुवार की शाम जारी कर दिया।

इधर कांग्रेस ने भी सेंकी आग, सौंपा ज्ञापन

कड़ाके की ठंड में मेडम-साहब के इश्क की चर्चाओं से समूचे प्रदेश की हवा गर्म हो गई। इश्क के जल रहे अलाव के बीच कांग्रेस ने भी मौका न चूकते हुए अपना हाथ गर्म कर लिया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी बरही के अध्यक्ष संजय बिलौहा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार की सुबह एसपी कटनी से भेंटकर टीआई संदीप अयाची को बरही से हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौपा। जिसके बाद शाम को ही टीआई के लाइन हाजिर होने का आदेश जारी होने के बाद कांग्रेसियों के खुशी का ठिकाना नही रहा। एसपी को सौपे ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि बरही क्षेत्र में जहां चारों ओर चोरी समेत अन्य घटनाओं की लगातार खबरें सुर्खियों पर है। वही जबलपुर थाना की महिला साथी द्वारा रासलीला के आरोप लगाए जा रहे हैं। बरही नगर थाने के प्रभारी बांसुरी बजाकर एवं गाने गाकर मस्त नजर आ रहे हैं। इन्हें बरही नगर और क्षेत्र वासियों की सुरक्षा व कानून संरक्षण से कोई सरोकार नहीं। यह अपने में मस्त और क्षेत्र की जनता त्रस्त नजर आ रही है और यह जहां भी थाना प्रभारी रहे वही इनका विवादों से लगातार नाता रहा है एवं रात्रि में अवैध वसूली, बेवजह लोगों को परेशान करना, पुलिस की गरीबों को धौस दिखाना। जिससे आम जनमानस का पुलिस के प्रति रवैया व मेलजोल खराब होता जा रहा है एवं बरही नगर में व्यापारी वर्ग होने से ज्यादा सामने लोग नहीं आ पा रहे और जिससे पुलिस की छवि लोगों के बीच खराब हो रही है। इन सभी संबंधित मुद्दों को लेकर अनुरोध किये कि ऐसे थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से हटाकर शुद्ध साफ एवं चरित्रवान अधिकारी को भेज कर बरही क्षेत्र की जनता पर मजबूत न्याय एवं शुद्रण शासन देने का कष्ट करें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया ने इस दौरान ज्ञापन लेकर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। कार्यवाही ना होने पर अति शीघ्र बड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई थी। इस दौरान महिला कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष माया चौधरी, बरही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंडित संजय बिलौहा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव, आईटी सेल अध्यक्ष सैयद अजमत अली, अशोक उपाध्याय, हरी कचेर, दिनेश सिंह गौड़, संजय कौल आदि उपस्थित रहे।

हीरागंज में टूटा दुर्गा माता मंदिर का ताला, छत्र, मुकुट व तलवार ले गए चोर

कटनी। कोतवाली के हीरागंज क्षेत्र स्थित दुर्गा माता मंदिर में देररात अज्ञात चोरों ने धावा बोला और अंदर से छत्र, मुकुट व तलवार सहित लगभग 10 से 12 हजार के आभूषण लेकर चंपत हो गए। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से मंदिर चोरों के निशाने पर हैं और अब तक अज्ञात बदमाश शहर के लगभग आधा दर्जन मंदिरों को अपना निशाना बना चुके हैं। वहीं कल देररात अज्ञात बदमाशों ने हीरागंज क्षेत्र स्थित दुर्गा माता मंदिर में धावा बोला और अंदर से दुर्गा माता के आभूषण सहित छत्र, मुकुट व तलवार लेकर चंपत हो गए। चोरी लगभग 10 से 12 हजार रूपए की बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

बस स्टेंड स्थित किरार ट्रेडर्स में प्रशासन की दबिश

मिट्टी तेल के भंडारण की जांच करने पहुंचे अधिकारी

कटनी। जिला प्रशासन की एक टीम ने आज दोपहर बस स्टेंड स्थित किरार ट्रेड्र्स में मिट्टी तेल के निर्धारित स्टॉक से अधिक भंडारण की शिकायत मिलने पर छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई से हड़क प मच गया। खबर लिखे जाने तक छापामार कार्रवाई जारी रही। सूत्रों के मुताबिक प्रशासन तक यह शिकायत पहुंची थी कि बस स्टेंड स्थित किरार ट्रेड्र्स में मिट्टी तेल का निर्धारित स्टॉक से अधिक भंडारण है। जिस पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर अपर कलेक्टर रोमोनोज टोप्पो के नेतृत्व में यहां दबिश दी गई। मौके पर कितना भंडारण मिला और वह निर्धारित से अधिक था या कम, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। कार्रवाई में एसडीएम कटनी प्रिया चंद्रावत, तहसीलदार मुनव्वन खान, संदीप श्रीवास्तव सहित पुलिस और खाद्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

आदिवासी महिला से मारपीट पर मामला दर्ज

कटनी। मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होने से युवक गिर गया और मदद के लिए महिला को आवाज दी लेकिन महिला खाना खा रही थी और वह नहीं पहुंच पाई। जिसके कारण उसके साथ मारपीट की वारदात को अंजाम दिया गया है। जानकारी अनुसार बाबू सिंह मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने घर जा रहा था और जब वह ईंट भट्टा के पास से गुजर रहा था तभी वह बाइक से गिर गया। उसने ईंट भट्टा मे काम करने वाली मुन्नी बाई पति लल्लाराम आदिवासी निवासी ग्राम पोंड़ी को मदद के लिए आवाज दी लेकिन वह नहीं पहुंच पाई। जिसके कारण आक्रोशित होकर बाबू सिंह रघुवंशी, लच्छू रघुवंशी और कैलाश रघुवंशी ने महिला से मारपीट करते हुए जातिगत शब्दों से अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

आवश्यकता है

CCTV IP Camera Installation हेतु जानकार लड़कों (Technician) की आवश्यकता है, योग्य व्यक्ति ही संपर्क करें। Technician के पास स्वयं का स्मार्टफोन होना अनिवार्य है। वेतन योग्यतानुसार।
संपर्क- माधव इलेक्ट्रॉनिक्स झूलेलाल मंदिर के पास, गुरूनानक वार्ड, कटनी
मो. 7000922945, 9300937907

बेचना है

द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-
मो. 9977761441
9425859026

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई

कील मुहाँसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर

मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।

महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

जेल गया पड़ोसी की हत्या का आरोपी

कटनी। कुठला थाना अंतर्गत बंगला टोला में कचरे के विवाद को लेकर एक प्रौढ़ पर पड़ोसी ने राड से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। सूचना पर पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया। पीएम रिपोर्ट आने पर धारा बढ़ाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि बंगला टोला निवासी 50 वर्षीय गरीबा कोल 16 जनवरी को घर के पास सफाई कर रहा था। सफाई कर साइड में कचरा लगा दिया तो रामजी कोल ने विरोध किया और कचरा वहां लगाने से मना किया। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद होने लगा। रामजी ने गरीबा पर गुस्से में आकर सिर में राड से हमला कर दिया, जिसमें गरीबा लहुलुहान हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। पीएम रिपार्ट आने पर पुलिस ने मुकदमा कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

JOB OPENING
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.
For Application
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD INTERTAINMENT HOSPITALITY
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR, Reliance digital, TRENDS, PLANET FASHION, U-TURN, BOLSA, GALAXY, CITY PRIDE Cinema, Food Junction, HOTEL GRAND MERIDIAN, FLAVOURS, GRAVITY THE PUB

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)